B.K. BIRLA CENTRE FOR EDUCATION
SARALA BIRLA GROUP OF SCHOOLS
A CBSE DAY-CUM-BOYS' RESIDENTIAL SCHOOL

# PRE MID TERM EXAMINATION (2026-27)

## HINDI (085) SET – 1

Class : VII
Date : 25.07.2026
Admission No.:

Duration: 1.00 Hrs
Max. Marks: 25
Roll No.:

---

सामान्य निर्देश:- 1. कृपया अच्छी तरह परीक्षण कर लें कि इस प्रश्नपत्र में 06 प्रश्न हैं ।
2. प्रत्येक भाग के उत्तर एक ही स्थान में क्रम से लिखने की यथासंभव कोशिश करें ।
3. उत्तरलेखन से पूर्व प्रश्न का क्रमांक प्रश्नपत्र के अनुसार अवश्य लिखें ।
4. प्रश्नों के निर्देश ध्यानपूर्वक अवश्यं पढ़ें ।

**प्रश्नपत्रस्वरूप-**

| | | |
|---|---|---|
| भाग 'क' | पठित गद्यांश | 5 अङ्क |
| भाग 'ख' | व्याकरण | 10 अङ्क |
| भाग 'ग' | पाठ्यपुस्तक | 10 अङ्क |

---

## खंड क (पठित बोध )

**प्रश्न.1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नो के उत्तर दीजिए :-** **[5]**

चांद और सूरज के प्रिय महाराज ने अपने नौजवान मंत्री से कहा- "हमें अपने दरबार के लिए एक कवि की ज़रूरत है, जो सचमुच कवि हो।" दूसरे दिन नौजवान मंत्री ने नगर में मुनादी करा दी। तीसरे दिन एक हज़ार एक आदमी मंत्री के महल के नीचे खड़े थे, और कहते थे, हम सब कवि है। मंत्री ने इक्कीस दिनों में उन सबकी कविताएँ सुनी और देखा कि वह सबकी सब सुन्दर शब्दों और रसीले भावों से भरी थी और उनमें मधु की मिठास थी, और यौवन की शोभा थी, और मदभरी उपमाएं थी, और मन को मोह लेने वाले अलंकार थे।

मगर उनमें सर्वश्रेष्ठ कौन है, नौजवान मंत्री इसका फ़ैसला न कर सका।

**(i) महाराज ने नौजवान मंत्री से किसकी आवश्यकता बताई**?

**(a)** सैनिक की **(b)** कवि की
**(c)** कलाकार की **(d)** व्यापारी की

**(ii) मंत्री ने कवि की खोज के लिए क्या करवाया**?

**(a)** प्रतियोगिता करवाई **(b)** नगर में मुनादी करवाई
**(c)** पुरस्कार बाँटे **(d)** सभा बुलाई

**(iii) तीसरे दिन मंत्री के महल के नीचे कितने लोग खड़े थे**?

**(a)** सौ **(b)** पाँच सौ
**(c)** एक हज़ार एक **(d)** दो हज़ार

**(iv) मंत्री ने कविताएँ कितने दिनों तक सुनीं**?

**(a)** दस दिन **(b)** इक्कीस दिन
**(c)** तीस दिन **(d)** सात दिन

**(v) मंत्री सर्वश्रेष्ठ कवि का निर्णय क्यों नहीं कर सका**?

**(a)** कविताएँ खराब थीं **(b)** कवि बहुत कम थे

**(c)** सभी कविताएँ सुंदर और भावपूर्ण थीं **(d)** महाराज ने मना कर दिया था

## खंड ख (व्यावहारिक व्याकरण)

**प्रश्न.2 लिंग और वचन पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- [3]**

**(i)** लिंग के कितने भेद हैं **?**

**(ii)** पिता और कवि शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए**|**

**(iii)** मित्र और नदी शब्दों के बहुवचन रूप लिखिए **|**

**(iv)** स्त्री जातियों का सम्मान करो **| (**सही वचन का प्रयोग कीजिए **)**

**प्रश्न.3 अनेक शब्दों के लिए एक शब्द पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :- [2]**

**(i)** जल में रहने वाला के लिए एक शब्द बनाइये |

**(ii)** जिसके पास धन न हो के लिए एक शब्द बनाइये|

**प्रश्न.4 विलोम और पर्यायवाची पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- [3]**

**(i)** आकाश का विलोम लिखिए |

**(ii)** अमृत का विलोम लिखिए |

**(iii)** कमल और माँ के पर्यायवाची शब्द लिखिए |

**प्रश्न.5 उपसर्ग और प्रत्यय पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- [2]**

**(i)** 'कुपात्र' शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए**|**

**(ii)** सपरिवार शब्द में उपसर्ग और मूल शब्द बताइए **|**

**(iii)** चमक **+**ईला को मिलाकर नया शब्द बनाइए **|**

## खंड ग (पाठ्यपुस्तक )

**प्रश्न.6 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए:- [4]**

**(i)** मोर महल के एक सौ एक कवियों क में से एक कवि कैसा था?

**(ii)** विराट कोहली का जन्म कब और कहाँ हुआ?

**प्रश्न.7 नीचे दिए गए दीर्घ प्रश्नो के उत्तर लिखिए** : **[6]**

**(i)** सच्चा कवि कौन था **?** उसकी तीन विशेषताएँ बताइए **|**

**(ii)** विराट कोहली के व्यक्तित्व की तीन विशेषताएँ बताइए **|**

=============================समाप्त=============================